University in News on 18 January 2020

Dainik Jagran Page 8

विद्यार्थियों को रोजाना एक घंटे समय दें शिक्षक

लविवि के कुलपति बोले दो-ढाई लाख वेतन पढ़ाना तो पड़ेगा

लविवि के मालवीय सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में बोलते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तथा मंचासीन प्रो. कृजेश कुमार शुक्ला, प्रो. पीसी मिश्रा, प्रो. कीर्ति सिन्हा, डॉ. नीरज जैन, प्रो. सोमेश शुक्ला और प्रो. दिनेश कुमार • जागरण

जासं, लखनऊ : लविवि में शिक्षक अपने विभाग या कार्यालय में रोजाना एक घंटे अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। इस दौरान विवि का कोई भी छात्र बिना रोक-टोक संबंधित शिक्षक से मिलकर निजी अथवा पढ़ाई से जुड़ी कोई भी समस्या साझा कर सकेगा। शिक्षकों का यह एक घंटा सिर्फ और सिर्फ छात्रों के लिए होगा। शुक्रवार को लविवि के मालवीय सभागार में शिक्षक कुलपति प्रो आलोक कुमार राय को सुन रहे थे। कुलपति ने विवि के माहौल को सुधारने के लिए तमाम बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि दो-ढाई लाख रुपये वेतन पाते हैं। पढ़ाना तो पड़ेगा ही।

सहयोग नहीं, सक्रियता चाहिए: लूटा की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में कुलपति ने कहा, देश के सात केंद्रीय विश्वविद्यालयों से कई राज्य विवि शैक्षणिक रैंकिंग में ऊपर हैं। लविवि में भी योग्य शिक्षक हैं। इसे भी राष्ट्र स्तर का शैक्षणिक संस्थान बनाना होगा। कहा, मुझे सहयोग नहीं सक्रिय योगदान चाहिए। सीबीसीएस और नैक को लेकर बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अनिवार्य होगा व्याख्यान: वीसी ने चिंता जताई कि शताब्दी वर्ष मना रहे विवि में गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण नहीं होता। उन्होंने इन अवसरों पर अनिवार्य रूप से ध्वजारोहण कराए जाने के निर्देश दिए।

बिना विकसित करे यू ट्यूब चैनल: कुलपति ने कहा कि विवि को ब्रांड के रूप में प्रचारित करना होगा। इसके लिए विभागों को यू ट्यूब चैनल तैयार करना है। इसका उद्देश्य यह नहीं कि इससे कोई आय अर्जित की जाए। मकसद सिर्फ विवि की ब्रांडिंग है। विवि इन्हें कॉलेजों को शेयर करें और अधिक से अधिक लोगों को शेयर करें, ताकि इसके व्यूवर्स हों और इसे लोग सब्सक्राइब कर सकें। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को कैंपस में 26 सौ पौधे रोपने की तैयारी को खानापूरी न समझा जाए। पौधरोपण के बाद कैंपस में कार्बन उत्सर्जन की स्थिति का भी आकलन होगा। इस अवसर पर लूटा अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, महामंत्री डॉ विनीत वर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

हर शिक्षक एक बच्चे को ले गोद

प्रो राय ने कहा कि हर शिक्षक एक बच्चे को गोद ले। छात्रवृत्ति से जुड़ी योजनाओं के जरिये उनकी मदद करें। उन्होंने अपने संरक्षण में उन बच्चों को तैयार कर बेहतर प्लेसमेंट दिलाए जाने का जिम्मा दिया।

AMAR UJALA-MY CITY Page 5

सभी विभाग बनाएंगे यू-ट्यूब चैनल

लखनऊ विश्वविद्यालय को ब्रांड बनाने के लिए होगी पहल, वीसी ने दिए निर्देश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी विभागों को अपना-अपना यू-ट्यूब चैनल बनाना होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय कार्यभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को सामूहिक रूप से सभी शिक्षकों से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने हर विभाग को अपना यू-ट्यूब चैनल बनाकर लविवि को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करने को कहा। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लविवि कई मामलों में अन्य संस्थानों से बहुत आगे है। सभी मिलकर काम करेंगे तो स्वर्णिम इतिहास की तरह यहां का भविष्य भी शानदार होगा।

प्रो. राय ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में शानदार शिक्षक हैं। शोध, पुरस्कार और प्रकाशन के मामले में भी उनका जवाब नहीं है। इस विश्वविद्यालय में सभी विशेषताएं हैं, जो इसे विश्व स्तर पर पहुंचा सकें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि केवल क्लास में पढ़ाकर ही यह काम नहीं हो सकता है। इसके लिए उन्हें शोध और प्रोजेक्ट पर काम करना होगा। विश्वविद्यालय को ब्रांड बनाना है तो फिर सभी विभाग अपना यू-ट्यूब चैनल बनाएं। इस तरह से विश्वविद्यालय ब्रांड बनेगा। 26 जनवरी को परिसर में 2600 पौधों के साथ ही सहयुक्त कॉलेजों में 26 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी संकायों के अध्यक्ष, लूटा अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन तथा महामंत्री डॉ. विनीत वर्मा उपस्थित रहे।

लविवि शिक्षक संघ के कार्यक्रम में वीसी का स्वागत करते शिक्षक।

शिक्षक बनें मेंटर, गोद लें एक विद्यार्थी

कुलपति ने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे विद्यार्थियों के अभिभावक बनें। विभागाध्यक्ष एक सप्ताह में हर विद्यार्थी के लिए उसके मेंटर शिक्षक की सूची तैयार कर लें। इसके साथ ही हर शिक्षक एक-एक विद्यार्थी को गोद लें और उनकी पढ़ाई का खर्च उठाएं। शिक्षक अपने बुजुर्गों के नाम पर स्कॉलरशिप भी शुरू कर सकते हैं। विद्यार्थियों के साथ उनकी बातचीत सिर्फ कक्षा तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। प्रतिदिन एक घंटे का समय वे सिर्फ विद्यार्थियों से मिलने के लिए रखें। इससे विवि का माहौल बेहतर होगा।

लविवि में कराएंगे विज्ञान कांग्रेस

प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि उनकी मंशा लविवि में विज्ञान कांग्रेस आयोजित करने की है। विज्ञान कांग्रेस का हर साल आयोजन होता है। इसका उद्घाटन हमेशा प्रधानमंत्री के हाथों होता है। लविवि के लिए गर्व की बात होगी कि इसका आयोजन यहां हो सके।

आपसी विवाद छोड़ आगे बढ़ें

कार्यक्रम के दौरान कुलपति ने कहा कि यहां पर कई बार नकारात्मक बातें सामने आती हैं। शिक्षकों को चाहिए कि वे आपसी विवाद छोड़कर आगे बढ़ें। कुलपति ने यह भी कहा कि शिक्षकों को उनको देय सभी सुविधाएं न मिलना अपराध है। इसलिए उनको सभी अधिकार तथा सुविधाएं मिलनी चाहिए। विभागाध्यक्ष यह प्रयास करें कि शिक्षकों को विषय विशेषज्ञ के तौर पर बुलाने के बजाय संविदा पर नियुक्ति करें। इससे शिक्षक खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करेंगे। इसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा। नियमित शिक्षकों से उन्होंने यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगइन करने के लिए भी कहा। इसके साथ ही विवि की ओर से शिक्षकों के लिए ज्यादातर सुविधाएं ऑनलाइन करने की बात भी कही।

NBT Page 7

रोज एक घंटा समस्या सुनेंगे शिक्षक

एलयू में वीसी ने शिक्षकों के साथ संवाद कार्यक्रम में दिए निर्देश

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक अब कक्षा के अलावा रोजाना 1 घंटा एक्स्ट्रा क्लास लेंगे। इसमें वह विद्यार्थियों की विषय से संबंधित समस्याएं सुनकर उसका समाधान करेंगे। यही नहीं शिक्षकों को अपने विभाग के नोटिस बोर्ड पर मिलने का समय भी चस्पा करना होगा, जिससे विद्यार्थी उनसे उस समय संपर्क कर सकें। वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को मालवीय सभागार में हुए 'शिक्षक संवाद कार्यक्रम' में शिक्षकों को यह निर्देश दिए।

लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) की ओर से हुए कार्यक्रम में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि एलयू का शताब्दी वर्ष चल रहा है। एलयू के इतिहास से संबंधित चीजों पर फोकस करना होगा। यह अच्छी शिक्षा, शिक्षण और शोध से संभव होगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विश्वविद्यालय में खाली नहीं, योगदान दें। वीसी ने प्रत्येक शिक्षकों को एक गोल्ड स्टूडेंट्स को गोद लेकर उसकी पढ़ाई का खर्च उठाने और स्कॉलरशिप देने का सुझाव भी दिया। उन्होंने 26 जनवरी को 2600 पौधे लगाने के निर्देश भी दिए हैं।

यू-ट्यूब चैनल पर अपलोड होंगे लेक्चर

वीसी ने हर विभाग को यू-ट्यूब चैनल शुरू करने का भी निर्देश दिया। इस पर विभाग में होने वाले लेक्चर अपलोड किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी घर पर लेक्चर को ऑनलाइन देख सकें। उन्होंने सभी शिक्षकों को यूट्यूबचार्ज में नामांकन कराने और डिजिटल एलयू का हिस्सा बनने का भी सुझाव दिया।

'शिकायत छोड़ अच्छा सोचें शिक्षक'

संवाद कार्यक्रम के दौरान वीसी ने शिक्षकों की ओर से की जा रही एक दूसरे की शिकायतों पर नाराजगी जताई। कहा कि, यहां के शिक्षक एक दूसरे की बहुत शिकायत करते हैं। यह अच्छी बात नहीं है। इसे खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि कक्षा लेने के साथ हर प्रोफेसर को पोस्टमार्टम करवाना होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में वीसी को किया गया सम्मानित।

नियम से भर्ती करें गेस्ट फैकल्टी

विश्वविद्यालय के शिक्षकों में मनमाने तरीके से गेस्ट फैकल्टी का खेल भी नहीं चलेगा। वीसी ने साफ कहा है कि इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विज्ञापन जारी कर आवेदन लें। इसके बाद पारदर्शी बनाकर चयन करें, जिसमें नियमों का पूरा ध्यान रखा जाए।

'शिक्षकों को मिलेगा उनका हक'

कार्यक्रम में लूटा अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन, महामंत्री डॉ. विनीत वर्मा ने शिक्षकों की समस्याएं भी रखीं। वीसी ने कहा कि उनका जो भी हक है, वह मिलेगा। इस मौके पर डीन आर्ट्स डॉ.कृजेश शुक्ला, डीनसाइन्स प्रो. पुष्पा टंडन, प्रो. पीसी मिश्रा, अख्तर अहमद इस्लाही सहित अन्य मौजूद रहे।

नैक मूल्यांकन के लिए बना आईक्यूएसी बोर्ड

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन की तैयारी नए सिरे से शुरू कर दी है। इसके लिए शुक्रवार को नया इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) बोर्ड गठित किया गया। बोर्ड का चेयरमैन वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और सायंटेक, कन्वीनर प्रो. राजीव मनोहर को बनाया गया है।

आईक्यूएसी बोर्ड के डायरेक्टर प्रो. राजीव मनोहर ने बताया कि यूजीसी और नैक के दिशानुसार बोर्ड का गठन किया गया है। इसमें रजिस्ट्रार और फाइनेंस अफिसर एडमिनिस्ट्रेटिव मेम्बर चुने गए हैं। इसके अलावा एग्जिक्यूटिव कमेटियों के सदस्य प्रो. एसके द्विवेदी भी शामिल किए गए हैं। वहीं, इंडस्ट्री के सदस्य के रूप में विनोद राय, अनुज अग्रवाल के साथ लेकल मिडीयन के रूप में बोर्ड शामी को जगह दी गई है। बोर्ड में शामिल शिक्षक विभागों में जाकर नैक की तैयारियों का डेटा इकट्ठा करने में मदद करेंगे।

नए सिरे से डेटा जुटाएगा बोर्ड, वीसी बने चेयरमैन

ये बने बोर्ड सदस्य

डॉ. अजय प्रकाश, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. गीतांजली मिश्रा, शान्भवी मिश्रा, डॉ. अशोक वैपाल, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. रोली मिश्रा, डॉ. अवधेश सोनकर, डॉ. नागेंद्र, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. करुणा शंकर।

छात्र प्रतिनिधि

सोनू कटियार, सोनिया

बनेगी क्वालिटी एश्योरेंस सेल

प्रो. राजीव मनोहर ने बताया कि हर विभाग में 22 जनवरी तक क्वालिटी एश्योरेंस सेल बनाई जाएगी। इसमें बोर्ड को विभागों से सूचनाएं मिलने में आसानी रहेगी। साथ ही नैक की तैयारियां भी अच्छी तरह से हो सकेंगी।

सेंट्रल मेस पहुंचे वीसी, सब्जी-दाल खाकर ठेके की क्वालिटी

■ एनबीटी, लखनऊ: एलयू के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को सेंट्रल मेस का दौरा किया। यहां उन्होंने लम्बी-चार खाकर क्वालिटी चेक की व छात्रों से उनकी समस्याएं पूछीं। छात्रों ने बताया कि मेस में सिर्फ दो स्टॉल लगाए जाते हैं। रोटी के लिए लाइन लगानी पड़ती है। इस पर चार स्टॉल लगाने, रोटी बनाने के संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा टेबिल लाइबेरी में किताबों का रखरखाव दुरुस्त रखने, सिक्योर सर्विसेज की तैयारी करने वालों के लिए अलग से बैठने की जगह देने के लिए कहा।